ज्ञान के स्रोत पुस्तकालय को समाज का अभिन्न हिस्सा बनाएं: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का वर्चुअली किया शुभारंभ

भोपाल(काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण, स्वचालन, नेटवर्किंग, डिजिटलीकरण, ग्रीन लाइब्रेरी और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पुस्तकालय के महत्व जैसे विषयों पर चिंतन और विचार विमर्श जरूरी है।

इससे पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और समसामयिक शिक्षा प्रणाली में उनकी उपयोगिता बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त होगा। सूचना प्रौद्योगिकी के कारण बदलते परिवेश में पुस्तकालय समाज में ज्ञान के स्रोत की भूमिका निरंतर निभाते रहें, इसके लिए जरूरी है कि हम सभी पुस्तकालयों को समाज का अभिन्न हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा बदलते शैक्षणिक एवं सामाजिक परिवेश में लाइब्रेरी की भूमिका और चुनौतियां विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के शुभारंभ सत्र को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तकालय मानव इतिहास की बड़ी संपदा है। पुस्तकालय ज्ञान का संरक्षण, संवर्धन और प्रसार ठीक उसी तरह से करते हैं, जैसे बैंक समाज और राष्ट्र की धन संपदा के संरक्षण और संवर्धन की भूमिका निभाते हैं। भारतीय इतिहास में पुस्तकालयों का विशेष महत्व रहा है। नालंदा, विक्रमशिला, तक्षशिला के पुस्तकालय विद्या के केन्द्र और ज्ञान के भंडार थे, दुर्भाग्यवश यह महान केन्द्र विदेशी आक्रांताओं के निशाना बनें। उज्जैन धर्म, आध्यात्म एवं ज्ञान-विज्ञान का संगम रहा है। बाबा महाकाल, काल गणना के केन्द्र बिन्दु में विराजित हैं और उज्जैन का सांदीपनी आश्रम भगवान श्रीकृष्ण और बलराम का गुरूकुल रहा। डॉ. यादव ने कहा कि जिस प्रकार से शोध अनुसंधान और अध्ययन की गतिविधियां जारी हैं, निश्चित ही उज्जैन भविष्य का ग्रीनविच बनकर भारत का गौरव बढ़ाता रहेगा।

उज्जैन पुस्तकालय विज्ञान में प्रशिक्षण देने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर स्थापित उज्जैन का विक्रम विश्वविद्यालय पुस्तकालय विज्ञान में प्रशिक्षण देने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय था। उज्जैन का सिंधिया ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट अपने विशाल और दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संग्रह के लिए जाना जाता है। भारत में पुस्तकालय विज्ञान के पितामाह पद्मश्री डॉ. रंगनाथन इस विश्वविद्यालय के पहले विजिटिंग प्रोफेसर रह चुके हैं। प्रदेश में पुस्तकालय विज्ञान का शिक्षा आरंभ करने का श्रेय डॉ. रंगनाथन को ही जाता है। डॉ. यादव ने संगोष्ठी में भाग ले रहे सभी विषय-विशेषज्ञों, छात्रों आदि को संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रो. राय एवं महालक्ष्मी को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र के प्रो. विशाल राय एवं प्रो. आर. महालक्ष्मी को रसायन एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 विज्ञान युवा-शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में इन दोनों वैज्ञानिकों ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। दोनों वैज्ञानिकों को मिले इस सम्मान से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश गौरवान्वित हुआ है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने गुरूवार को एक समारोह में नई दिल्ली में प्रदेश के दोनों वैज्ञानिकों को सम्मानित किया।

जवानों और ग्रामीण नागरिक की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड जिले के अंतर्गत कुंवारी नदी में ग्रामीणों एवं एक गाय को बचाने के प्रयास में एक ग्रामीण नागरिक और एसडीईआरएफ के दो जवानों की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों की सहायता के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को कुंवारी नदी में ग्रामीणों के फंसे होने की सूचना मिलने पर एसडीईआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे थे। रेस्क्यू के दौरान दुर्भाग्यवश नाव पलटने से एसडीईआरएफ और होमगार्ड का एक जवान और एक ग्रामीण की तेज बहाव में बह जाने से मृत्यु हो गई।

मुख्यमंत्री को मंत्री सुश्री भूरिया ने बांधी राखी एवं भीली टोकरी में भेंट किए रक्षा-सूत्र

मुख्यमंत्री को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ की दो लाख बहनों द्वारा भेजे गए रक्षा-सूत्र भेंट किए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राखी भी बांधी। डॉ. यादव ने झाबुआ की बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा राखी स्वरूप में जताया गया स्नेह मेरी अमिट पूंजी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के अतिरिक्त, रक्षाबंधन के उपहार के रूप में 250 रूपए की शगुन राशि भी प्रदान की गई थी। झाबुआ क्षेत्र की लगभग 2 लाख लाड़ली बहनों ने डॉ. यादव का आभार व्यक्त करने के लिए रक्षा सूत्र बनाएं। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया यह रक्षा-सूत्र, परंपरागत भीली टोकरी (डलिया) में लेकर समत्व भवन पहुंची और प्रतीक स्वरूप यह रक्षा-सूत्र मुख्यमंत्री को भेंट करने के साथ झाबुआ की बहनों की भावना को अभिव्यक्त करते हुए राखी बांधी।

जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, जारी हुए दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में आगामी 26 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके लिये आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये है। निर्देश में जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों और उनसे जुड़े स्थलों पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जन्माष्टमी पर्व पर प्रत्येक जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों की साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन के साथ भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओं, योग आदि पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी शासकीय/अशासकीय स्कूल/कॉलेज में आयोजित कराये जाएंगे। प्रदेश के ऐसे स्थल जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में जुड़े विशेष प्रसंग स्थलों जैसे कि जानापाव, अमझेरा, नारायणा एवं सांदीपनी आश्रम उज्जैन में जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जन्माष्टमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शास्त्र सम्मत मंदिर निर्माण के स्थापत्य एवं उनकी विशेषताओं से अधिक से अधिक लोगो को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रसंगो, कथानकों, आख्यानों से सभी वर्गों को अवगत कराने के लिये भी समुचित कार्यवाही की जाएगी।

रतलाम जिले के सेमलिया धाम को और अधिक विकसित करेंगे: विजयवर्गीय

भोपाल(काप्र)।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि रतलाम जिले के माँ अन्नपूर्णा शक्तिपीठ सेमलिया धाम को और अधिक विकसित किया जायेगा। इसके लिये उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से विकास कार्यों के प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने का आग्रह किया।

श्री विजयवर्गीय बुधवार को सेमलिया में एक पौधा माँ के नामसमारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर तिजारा (राजस्थान) विधायक महंत बालकनाथजी, मधुसुधनानंदजी, संतश्री प्रकाशनाथजी महाराज, संतश्री उमेशनाथजी महाराज, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक हरदीप सिंह डंग, विधायक चंदर सिंह सिसोदिया सहित जन-प्रतिनिधियों ने परिसर में पीपल के पौधों का रोपण किया। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि अन्नपूर्णा शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री मधुसुधनानंदजी महाराज के 5100 पीपल के पौधों के रोपण का संकल्प अनुकरणीय है। भारतीय संस्कृति में पीपल के पेड़ का अत्यधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि संतों के साथ सत्संग मनुष्य के लिये सौभाग्यशाली होता है, संत की तपस्या और उनका जप-तप जंगल को मंगल बना देता है। अतिथियों ने परिसर में गुरूकुल का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा शक्तिपीठ सेमलिया धाम पीठाधीश्वर श्री मधुसुधनानंदजी ने अपने उद्बोधन में धर्म, आध्यात्म और गुरु-शिष्य परम्परा का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने किया। आभार केके सिंह कालूखेड़ा ने माना।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से प्रदेश के पीएमश्री स्कूल के छह विद्यार्थियों को मिला संवाद का मौका

भोपाल(काप्र)।

केन्द्र सरकार की पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित स्कूलों के 6 विद्यार्थियों को नई दिल्ली भ्रमण के दौरान केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से परस्पर संवाद करने का मौका मिला।

संवाद में इन विद्यार्थियों ने पीएमश्री स्कूल की गतिविधियों और इसमें अध्यापन व्यवस्था की जानकारी दी। पीएमश्री स्कूल के 6 छात्र पिछले दिनों 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिये नई दिल्ली गये थे। जिन छात्रों को यह अवसर मिला, उनमें भोपाल की महक, पन्ना के उमेश, सीधी के अमन, बैतूल की प्रणाली, जबलपुर की नितिशा और खंडवा की पारुल शामिल हैं। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के 100 विद्यार्थी नई दिल्ली पहुंचे थे। प्रदेश में इन विद्यार्थियों का चयन प्रेरणा उत्सव, कला उत्सव, इंस्पायर अवार्ड, एनएमएमएस और कुश्ती गतिविधियों में उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। चयनित छात्रों ने भ्रमण केदौरान नई दिल्ली में इंडिया गेट और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण भी किया। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान छात्रों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर मनाये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखना इनके जीवन का एक अनूठा अवसर था। ऐसे कार्यक्रम अन्य छात्रों को भी उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा ऐसे अनुभव पाने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

प्रदेश में पीएमश्री योजना: पीएमश्री योजना केन्द्र एवं राज्य के सहयोग से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना को सितम्बर 2022 में शुरू किया गया। योजना की वित्तीय व्यवस्था 60 प्रतिशत केन्द्रांश और 40 प्रतिशत राज्यांश की है। योजना में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड से 2 हाई स्कूल और हायर सेकण्ड्री अथवा माध्यमिक, प्रायमरी विद्यालयों का चयन किया जाता है। इन विद्यालयों को इस प्रकार विकसित किया जाता है कि यह आस-पास के अन्य विद्यालयों के लिये एक उत्कृष्ट उदाहरण का काम कर सकें। योजना में चयनित विद्यालय के समीप वाटिका का विकास, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा, खेलने की सुविधा, लायब्रेरी और लैब इत्यादि की व्यवस्था भी की जा रही है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. निलय विनोद डागा
पूर्व विधायक बैतूल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री चंदूमल थारवानी
वरिष्ठ समाज सेवी
श्री केशवकांत कोशे
पटवारी संघ बैतूल

नगर पालिका परिषद आमला, जि. बैतूल
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ रखे। ■ कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दे। ■ खुले में शौच ना करे और ना करने दे।
नीतिन गाडरे, अध्यक्ष, नपा परिषद आमला | किशोर मायनकर, उपाध्यक्ष, नपा परिषद आमला | मुख्य नपा अधिकारी, सीएमओ, नपा परिषद आमला | समस्त पार्षदगण, नपा परिषद आमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रंजीत शिवहरे
आबकारी ठेकेदार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अशोक वर्मा
अधिवक्ता बैतूल
डॉ. कैलाश वर्मा
चिकित्सक बैतूल

नगर परिषद भैंसदेही, जिला-बैतूल
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ रखे। ■ कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दे। ■ खुले में शौच ना करे और ना करने दे।
मनीष सोलंकी, अध्यक्ष, नगर परिषद भैंसदेही | कुसुम किलेदार, उपाध्यक्ष, नगर परिषद भैंसदेही | मुख्य नपा अधिकारी, सीएमओ, नगर परिषद भैंसदेही | समस्त पार्षदगण, नगर परिषद भैंसदेही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बंटी मोटवानी
अध्यक्ष व्यापारी संघ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मंजीत सिंह साहनी
अध्यक्ष, औषधी विक्रेता संघ
श्री पिंटू परिहार
पार्षद

नगर परिषद शाहपुर, जिला-बैतूल
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ रखे। ■ कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दे। ■ खुले में शौच ना करे और ना करने दे।
रोहित नायक, अध्यक्ष, नगर परिषद शाहपुर | पम्मी राठौर, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, शाहपुर | मुख्य नपा अधिकारी, सीएमओ, नगर परिषद शाहपुर | समस्त पार्षदगण, नगर परिषद शाहपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री वासूदेव आहूजा
अमन ट्रेडर्स बैतूल गंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री के.के. वर्मा
वर्मा पेट्रोलियम
श्री अरूण अड़लक
वेयर हाउस संघ बैतूल

नगर पालिका परिषद मुलताई, जि. बैतूल
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ रखे। ■ कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दे। ■ खुले में शौच ना करे और ना करने दे।
वर्षा गढ़ेकर, अध्यक्ष, नपा परिषद मुलताई | शिवकुमार माहोरे, उपाध्यक्ष, नपा परिषद मुलताई | मुख्य नपा अधिकारी, सीएमओ, नपा परिषद मुलताई | समस्त पार्षदगण, नपा परिषद मुलताई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री उपेन्द्र पाठक
उद्योगपति मुलताई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री शैलेश अग्रवाल
शासकीय कांट्रेक्टर
श्री सुभाष आहूजा
पूर्व सांसद

नगर परिषद घोड़ाडोंगरी, जिला-बैतूल
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ रखे। ■ कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दे। ■ खुले में शौच ना करे और ना करने दे।
मीरावंती उईके, अध्यक्ष, नप घोड़ाडोंगरी | हरप्रित सिंह खनूजा, उपाध्यक्ष, नप घोड़ाडोंगरी | मुख्य नपा अधिकारी, सीएमओ, नप घोड़ाडोंगरी | समस्त पार्षदगण, नप घोड़ाडोंगरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नीरज गल्फट
शिक्षा विभाग चिचोली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री ललित जसूजा
फटका व्यवसायी
श्री अन्नू जसूजा
बिल्डर्स/व्यवसायी

नगर परिषद चिचोली, जिला-बैतूल
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ रखे। ■ कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दे। ■ खुले में शौच ना करे और ना करने दे।
वर्षा रितेश मालवीय, अध्यक्ष, नगर परिषद चिचोली | वर्षा संजय आवलेकर, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, चिचोली | मुख्य नपा अधिकारी, सीएमओ, नगर परिषद चिचोली | समस्त पार्षदगण, नगर परिषद चिचोली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संजय अड़लक
दवाई विक्रेता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री उमाशंकर पटेल
भाजपा मंडल अध्यक्ष
श्री नितीन बारस्कर
भाजपा मंडल अध्यक्ष

बैतूल नागरिक सहकारी बैंक मर्या. बैतूल
कांग्रेस तैड, सिविल लाईन बैतूल (म.प्र.) 460-001
78 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात महाविद्यालय प्रभातपट्टन
जिला-बैतूल (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. दुर्गादास उईके
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्रीमती इमला बारस्कर
जनपद अध्यक्ष बैतूल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विभाग
आमला, बैतूल
मुलताई, घोड़ाडोंगरी
शाहपुर, भीमपुर, चिचोली
प्रभातपट्टन, भैंसदेही
लोक निर्माण विभाग पीआईयू
आमला, बैतूल
मुलताई, घोड़ाडोंगरी
शाहपुर, भीमपुर, चिचोली
प्रभातपट्टन, भैंसदेही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अजय सिंह ठाकुर जी
आबकारी ठेकेदार, मुलताई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री तरूण ठाकरे
पार्षद
श्री महेश राठौर
उपाध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
आमला, बैतूल
मुलताई, घोड़ाडोंगरी
शाहपुर, भीमपुर, चिचोली
प्रभातपट्टन, भैंसदेही
स्वास्थ्य विभाग, बैतूल
आमला, बैतूल
मुलताई, घोड़ाडोंगरी
शाहपुर, भीमपुर, चिचोली
प्रभातपट्टन, भैंसदेही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मप्र राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, बैतूल
जिला-बैतूल (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती संगीता देशमुख
अधीक्षिका, पट्टन
श्री सचिन राय
अधीक्षक, चिचोली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
आमला, बैतूल
मुलताई, घोड़ाडोंगरी
शाहपुर, भीमपुर, चिचोली
प्रभातपट्टन, भैंसदेही
उद्यानिकी विभाग
आमला, बैतूल
मुलताई, घोड़ाडोंगरी
शाहपुर, भीमपुर, चिचोली
प्रभातपट्टन, भैंसदेही